बाप-बेटे ने पकड़े हाथ साथी ने काट दी गर्दन

गैरतगंज में गड़े धन के लालच में व्यापारी की बलि, तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 15 जुलाई. पुलिस ने गैरतगंज के व्यापारी विजय जैन हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. व्यापारी की गड़े धन के लालच में नरबलि दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि 9 जुलाई को फरियादी द्वारा थाना गैरतगंज में सूचना दी गई कि विजय जैन पिता ताराचंद जैन, उम्र 42 वर्ष, निवासी गैरतगंज बिना किसी को बताए घर से चला गया है. घर पर ताला लगा हुआ था तथा काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका. इस पर थाना गैरतगंज में गुमशुदगी दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई. थाना प्रभारी डीपी लोहिया गैरतगंज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज परिचितों एवं मित्रों से पूछताछ सहित हर संभव प्रयास किए गए.

13 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम परासिया के समीप नदी किनारे एक शव मिट्टी में दबा हुआ है, जिसका हाथ एवं पैर बाहर दिखाई दे रहा है. पुलिस मौके पर पहुंची. घटनास्थल पर मिले कपड़ों का रंग सीसीटीवी फुटेज में विजय जैन द्वारा पहने गए कपड़ों से मेल खाता था. शव को निकालकर परिजनों से शिनाख्त कराई गई, जिसमें मृतक की चप्पल, कपड़े, मोबाइल फोन तथा बायीं कृत्रिम पत्थर की आंख के आधार पर शव की पहचान विजय जैन के रूप में हुई. उन्होंने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक, एफएसएल, फिंगर प्रिंट एवं डॉग स्क्वॉड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी बेगमगंज सोनाली गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक डी.पी. लोहिया एवं अन्य अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर मामले की गहन विवेचना की गई. मुखबिर से सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि मृतक की अंतिम मुलाकात प्रहलाद साहू निवासी हिनोतिया खास से हुई थी. प्रहलाद से पूछताछ करने पर उसने हत्या की पूरी साजिश का खुलासा किया.

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह मृतक विजय जैन का परिचित था तथा दोनों के बीच दफीना (गड़ा धन) निकालने को लेकर बातचीत होती रहती थी. आरोपी प्रहलाद साहू स्वयं तांत्रिक क्रियाएं करता था. उसके साथ करीम खान निवासी उड़दमऊ तथा उसका पुत्र टीकम साहू भी इस योजना में शामिल थे.

> आरोपियों को ऐसी आशंका थी की ग्राम परासिया नदी किनारे स्थित चबूतरे के पास गड़ा हुआ धन है. इसके बाद तीनों ने योजना बनाकर 7 जुलाई को विजय जैन को गैरतगंज से अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर परासिया नदी के पास ले गए. वहां प्रहलाद साहू ने तांत्रिक क्रिया प्रारंभ की और कुछ देर बाद कहा कि 'धरती गर्म हो रही है, दफीना बलि मांग रहा है.' इसके बाद आरोपी प्रहलाद, उसके बेटे टीकम साहू ने व्यापारी के हाथ पकड़े और करीम खान ने कुल्हाड़ी से वार कर गर्दन काटकर हत्या कर दी. हत्या के बाद तीनों आरोपियों ने शव को नदी किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया तथा फरार हो गए.

बेगमगंज की कृषि उपज मंडी में मूंग खरीदी में चल रहा बड़ा खेल

▸ व्यापारी नीलामी निरस्त कराकर कर रहे मंडी टैक्स की चोरी

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 15 जुलाई. कृषि विभाग के रिकॉर्डनुसार इस वर्ष तहसील में 4600 हैक्टर में मूंग की फसल बोई गई थी, जिसमें करीब एक लाख 38 हजार क्विटल से ज्यादा पैदावार हुई है.

कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी टैक्स की चोरी का बड़ा खेल पकड़ में आया है. मंडी प्रांगण में मूंग की नीलामी में किसानों से कुछ व्यापारियों द्वारा खरीद किए जाने के बाद ये कहकर की किसान तुलाई कराने नहीं आए तो नीलामी निरस्त कर दो . इस आधार पर नीलामी निरस्त कराकर फिर वही माल ट्रैक्टर - ट्रॉली में भरवाकर व्यापारियों द्वारा अपनी गोदामों पर भेज दिया जाता है और ये सब मंडी सचिव और संबंधित व्यापारियों की सांठगांठ के चलते हो रहा है. नीलामी में मूंग लेने के बाद रिकॉर्ड में नीलामी निरस्त बताकर मंडी शुल्क की बड़े स्तर पर चोरी किए जाने की शिकायत मप्र कृषि मंडी बोर्ड डायरेक्टर को की गई है. शिकायतकर्ताओं ने उक्त आरोप लगाते हुए मंडी बोर्ड से टीम गठित करके अनिमिताओं की जांच कराए जाने की मांग की गई है.

किसानों का आरोप है कि 1 जुलाई से 15 अगस्त तक सरकारी मूल्य पर मूंग की खरीदी होना है लेकिन 12 दिन बिलंब से मूंग की खरीदी कूपन के आधार पर होने के कारण किसानों ने परेशान होकर कृषि मंडी में आकर मूंग व्यापारियों को बेचना पड़ रही है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इधर सचिव की लापरवाही या सांठगांठ से कृषि मंडी प्रांगण से बाहर मंडी के ठीक सामने और रामनगर, श्यामनगर , शाहपुर - हदाईपुर, सागर भोपाल रोड, पुराना बस स्टैंड एवं पक्का फाटक रोड इत्यादि सहित 26 स्थानों पर अनाज , दलहन, तिलहन जिंसों की खरीदी बड़े स्तर पर की जा रही है. मंडी नीलामी में अनाज की खरीदी नहीं करने वाले इन व्यापारियों द्वारा कृषि मंडी टैक्स नहीं दिया जाता है बल्कि इन व्यापारियों के द्वारा सीधे तौर पर ट्रकों में माल भरवाकर इंदौर भेजा जा रहा है. इधर मंडी में कुछ व्यापारियों ने पहले तो नीलामी में मूंग खरीदी फिर मंडी सचिव से सांठगांठ के चलते उसकी नीलामी निरस्त कराने का खेल करके बिना मंडी शुल्क जमा किए ट्रालियों में भरकर अपनी -अपनी गोदामों पर ले गए ओर लगातार ले जा रहे है. ये खेल पिछले करीब एक माह से चलना बताया गया है.

मूंग पर मंडी शुल्क जोकि प्रति क्विंटल 100 से 110 रुपए तक होता है , उसकी सीधे -सीधे चोरी की जा रही है. जबकि कुछ व्यापारियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि मंडी सचिव की दो व्यापारियों से सांठगांठ होने से ये खेल पिछले एक माह से जमकर चल रहा है. कृषि उपज मंडी समिति सचिव अनुराग रघुवंशी ने बताया कि आज तक व्यापारियों द्वारा 797.06 टन मूंग की खरीदी की है. जिसका मंडी शुल्क 718230 रुपए जमा हुआ है.

पुण्यतिथि पर पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि

सिलवानी. नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण साहू (पुज्जक) की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने उनकी स्मृति में पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं वृक्ष बनने तक उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया. स्व. लक्ष्मी नारायण साहू का जीवन समाज सेवा, सद्भाव और जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित रहा. उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से यह पौधरोपण किया गया है.

मातृशक्ति की भक्ति के साथ गुप्त नवरात्र प्रारंभ

▸ मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 15 जुलाई. आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्र का शुभारंभ बुधवार से श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ हो गए. नौ दिवसीय यह पर्व 23 जुलाई को भड़लिया नवमी के साथ संपन्न होगा.

गुप्त नवरात्र के प्रारंभ होते ही नगर एवं आसपास के देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, जप, तप और साधना का क्रम शुरू हो गया है. श्रद्धालु मां भगवती की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना कर रहे हैं. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्र विशेष रूप से साधकों, तंत्र एवं मंत्र साधना करने वालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं. इन नौ दिनों में देवी की उपासना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन, अनुष्ठान एवं अखंड ज्योति प्रज्वलित कर साधना करने का विशेष महत्व बताया गया है.

नगर के प्रसिद्ध मां विजयासन माता मंदिर में गुप्त नवरात्र के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं. मंदिर के पुजारी शिव नारायण तिवारी ने बताया कि नौ दिनों तक प्रतिदिन माता रानी का अलग-अलग स्वरूप में मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा. इसके साथ ही नियमित पूजा, आरती, दुर्गा पाठ एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न होंगे. श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजा के लिए मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है.

गुप्त नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया. भक्तों ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर माता रानी की पूजा-अर्चना की तथा अखंड दीप प्रज्वलित कर नौ दिनों तक व्रत एवं साधना का संकल्प लिया.

पटवारियों ने किया राजस्व कार्यों का बहिष्कार

▸ 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

नवभारत न्यूज

देवरी (रायसेन), 15 जुलाई. मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर केडर रिव्यू सहित लंबित मांगों को लेकर तहसील शाखा देवरी के पटवारियों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है.

इसी क्रम में बुधवार को तहसील शाखा देवरी के पटवारियों ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा एवं तहसील अध्यक्ष पुष्पेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार देवरी को सामूहिक अवकाश का आवेदन एवं ज्ञापन सौंपा. पटवारी संघ के अनुसार आंदोलन के प्रथम चरण में 15 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक जिले सहित प्रदेशभर के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. इस दौरान वे राजस्व अभिलेखों से संबंधित सभी ऑनलाइन एवं विभागीय कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे. हालांकि सभी पटवारी अपने-अपने हल्का मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, लेकिन किसी भी प्रकार का ऑनलाइन राजस्व कार्य नहीं करेंगे.

संघ का कहना है...

संघ ने बताया कि 18 एवं 19 जुलाई को शासकीय अवकाश रहेगा. यदि 20 जुलाई तक शासन द्वारा केडर रिव्यू सहित लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आंदोलन के अगले चरण की घोषणा की जाएगी. इसके तहत जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन एवं अन्य आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पटवारी संघ ने शासन से मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

विवाहिता की एआई से अश्लील फोटो बनाकर इंस्टाग्राम पर की अपलोड

अज्ञात व्यक्ति ने दो फर्जी आईडी बनाई, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 15 जुलाई. एक 26 वर्षीय विवाहित महिला की एआई के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करने का मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया. युवती द्वारा पुलिस को शिकायत देकर संबंधित के खिलाफ साइबर क्राइम में प्रकरण दर्जकर कार्रवाई की मांग की है.

पुलिस के अनुसार महिला के पति ने बताया कि उसकी इंस्टाग्राम चलाती है. किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी आईडी 00 क्यू और 00 राम 398 बनाकर इंस्टाग्राम पर उसके कई अश्लील फोटो अपलोड कर दिए है.

जब लोगों और मेरी पत्नी ने देखा तो पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई है. महिला का शिकायत में बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी दो फर्जी आईडी बनाकर एआई के द्वारा उसके अश्लीलता वाले फोटो अपलोड किए जा रहे है. मेरी आईडी पर अश्लील कॉमेंट भी कर रहा है ओर उन्हें बदनाम कर रहा है. जिसके कारण वह एवं उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान है. उक्त अज्ञात व्यक्ति की आईडी ब्लॉक कर दी है लेकिन वो फिर भी परेशान कर रहा है. थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है. पता लगते ही साइबर अपराध के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी.

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

सिलवानी. सिलवानी थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय आदिवासी बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार, पीड़िता समीपस्थ गांव में मजदूरी का कार्य करने जाती थी. आरोप है कि इसी दौरान आरोपी महेन्द्र रघुवंशी पिता बृजमोहन रघुवंशी उम्र 50 वर्ष, निवासी रोसरारानी ने बालिका के अकेले होने का फायदा उठाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया.

विहिप, बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

▸ आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ उठाई आवाज

▸ प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 15 जुलाई. सांची जनपद के ग्राम रातातलाई (सलामतपुर) के टोरिया क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे बेलदार समाज के लोगों की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर स्थानीय नागरिकों और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जिला कलेक्टर के नाम एक

ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है.

ज्ञापन के अनुसार, बाहर से आए इन लोगों पर क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं. संगठनों ने दावा किया है कि इनका निवास और निर्माण भी पूरी तरह अवैध व संदिग्ध है, जिससे स्थानीय लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 8 दिनों के भीतर निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से उग्र जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे.

मोतियों से बने बंगले में विराजे राधा मदन गोपाल

भोपाल, 15 जुलाई. श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड पर बुधवार को राधा मदन गोपाल एवं भगवान जगन्नाथ को मोतियों से बने बंगले में श्रृंगार कर विराजित किया गया. आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि शाम 7 बजे राधा मदन गोपाल एवं भगवान जगन्नाथ बलदेव जी एवं सुभद्रा जी के श्रृंगार के साथ महा आरती के बाद भजन संध्या संपन्न हुई. गुरुवार को दोपहर 1 बजे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी.

चारधाम की यात्रा पर रवाना हुआ युवाओं का जत्था

▸ जत्था अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेगा

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 15 जुलाई. नगर के युवाओं का एक जत्था मंगलवार रात्रि को करीब 15 दिवसीय चार धाम एवं प्रमुख तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ.

यात्रा पर निकलने से पहले सभी युवाओं ने बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और मंगलमय यात्रा का आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू सहित समाजसेवियों ने यात्रियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया तथा सुरक्षित एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं. यात्रा पर रवाना हुए युवाओं में मुकेश साहू, आयुष साहू, श्रेयांश चौरसिया, नीतेश चौरसिया, शिवम सोनी, रीतेश साहू, दिनेश सेन और योगेश कुलकर्णी सहित अन्य शामिल हैं.

यात्रा के दौरान जत्था अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार, ऋषिकेश, वैष्णो देवी सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेगा. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश और विश्व के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे.

समस्या ▸ ग्राम गीदगढ़ में 58 लाख की नल-जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ

तीन महीने से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

अदनान खान

सलामतपुर, 15 जुलाई. मध्यप्रदेश सरकार जहां एक तरफ 'हर घर जल' का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है. ताजा मामला रायसेन जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गीदगढ़ का है.

यहाँ करीब 58 लाख रुपये की भारी-भरकम लागत से निर्मित नल-जल योजना शुरू होने से पहले ही भ्रष्टाचार और अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है. आलम यह है कि करोड़ों की उम्मीदों के साथ शुरू हुई यह योजना धरातल पर पूरी तरह फेल नजर आ रही है और ग्रामीण पिछले तीन महीनों से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं.

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के कारण निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गईं.

3 महीने से ठप पड़ी योजना

ग्रामीणों के अनुसार, जब योजना की पहली टेस्टिंग की जा रही थी, तभी घटिया विद्युत फिटिंग या ओवरलोडिंग के कारण डीपी जल गया. इसके बाद से पूरी योजना ठप पड़ी हुई है. पिछले 90 दिनों से न तो जला हुआ ट्रांसफार्मर बदला गया और न ही पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करने की कोई जहमत उठाई गई. नतीजतन, ग्रामीणों को भीषण गर्मी और रोजमर्रा के दिनों में दूर-दराज के खेतों और कुओं से पानी ढोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.

इनका कहना है

'पिछले 3 महीने से बिजली की डीपी जली हुई पड़ी है. इसकी वजह से पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित है. सरपंच साहब ने भी ठेकेदार को कई बार बोला, लेकिन ठेकेदार काम कराने के बजाय सिर्फ खोखले आश्वासन दे रहा है.'

- अर्जुन सिंह धाकड़, नल ऑपरेटर.

'सुबह आंख खुलते ही सबसे पहले पानी की चिंता सताने लगती है. कई महीनों से नल में पानी नहीं आया. हमें अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर दूर खेतों से पानी ढोना पड़ रहा है. इस चक्कर में बच्चे समय पर स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं.'

- भगवती बाई, स्थानीय महिला.

24 घंटे अखंड सीताराम नाम कीर्तन प्रारंभ

▸ श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर में हो रहा आयोजन

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 15 जुलाई. नगर के प्रसिद्ध श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखंड सीताराम नाम कीर्तन का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया. इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर सीताराम नाम का संकीर्तन कर रहे हैं.

आयोजकों ने बताया कि यह अखंड सीताराम नाम कीर्तन प्रतिवर्ष जनकल्याण, नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली की कामना के साथ आयोजित किया जाता है. आयोजन के दौरान श्रद्धालु पूरे 24 घंटे तक निरंतर सीताराम नाम का जाप एवं भजन-कीर्तन करेंगे.

धार्मिक वातावरण से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया है. श्रद्धालु पूरे उत्साह और आस्था के साथ कीर्तन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं. आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अखंड नाम संकीर्तन में सहभागिता करने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है.